# जल संदेश

गृह पत्रिका

वर्ष : 1, अंक : 5

माह : अक्टूबर 2022

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लि. (उपक्रम मध्यप्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग)



इंटेक वेल, सोहागपुर



भारतीय संस्कृति में पर्यावरण का प्रत्येक तत्व पूज्यनीय माना गया है, यही कारण है कि जल संरक्षण और जल संवर्द्धन के लिए हम सभी को निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। जल प्रकृति का एक महत्वपूर्ण घटक है एवं जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाये रखना भी हम सबका दायित्व है। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी हर घर नल से जल पहुँचाने के लिए जल प्रदाय परियोजनाओं के माध्यम से और जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाये रखते हुए मलजल के उचित निस्तारण हेतु सीवरेज परियोजनाओं पर काम कर रही है।

कंपनी उत्कृष्ट स्तर के तकनीकी मापदंडों के साथ परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए समर्पित है। नगरीय निकायों के निर्वाचन पश्चात् नुक्कड़ नाटक, कार्यशाला, चौपाल चर्चा जैसी सामुदायिक गतिविधियाँ पुनः उत्साहपूर्वक कंपनी द्वारा संचालित की जा रही हैं। परियोजना निकायों में आम नागरिकों की भागीदारी और भरपूर सहयोग भी कंपनी को मिल रहा है। कंपनी की विगत तीन माह की महत्वपूर्ण गतिविधियों के साथ अक्टूबर माह का अंक आपके हाथों में है। आपके बहुमूल्य सुझावों और विचारों की प्रतीक्षा रहेगी.......

**अनिल कुमार गोंड़**

उप परियोजना संचालक (प्रशासन)

# श्री भरत यादव ने आयुक्त, नगरीय विकास एवं आवास विभाग का पदभार ग्रहण किया



मध्यप्रदेश हाऊसिंग बोर्ड के आयुक्त श्री भरत यादव ने 8 सितम्बर को श्री निकुंज श्रीवास्तव के स्थान पर आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास विभाग का दायित्व संभाला। श्री भरत यादव 2008 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उल्लेखनीय है कि आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास, मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रबंध संचालक के रूप में भी दायित्व संभालते हैं। श्री यादव ने कंपनी की अतिरिक्त प्रबंध संचालक श्रीमती रूचिका चौहान, प्रमुख अभियंता श्री दीपक रत्नावत और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर कंपनी के कार्यों की जानकारी ली।

# प्रमुख सचिव ने की अधोसंरचना विकास पर आधारित कार्यशाला में सहभागिता









वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा 30 सितम्बर को इन्फास्ट्रेक्चर आउटरीच विषय पर वाराणासी में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ने किया। कार्यशाला में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह द्वारा किया गया। कार्यशाला के दूसरे सत्र में राज्य द्वारा बुनियादी ढांचे के लिए बढ़ते वित्त आकार प्रबंधन में चुनौतियों का समाधान विषय पर श्री मनीष सिंह ने सत्र को संबोधित किया। श्री सिंह ने अपने संबोधन में स्थानीय निकायों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधोसंरचना के विकास में स्थानीय निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रमुख सचिव ने कहा कि अमृत मिशन के दौरान टैक्स फ्री म्युनिसिपल बाण्ड जारी कर म्युनिसिपल कार्य हेतु राशि जुटाई गई थी। बाह्य संस्थाओं से प्राप्त वित्तीय सहायता के साथ घरेलू वित्त के माध्यम से नगरीय विकास कार्यो के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2015 में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा 147 निकायों में बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

प्रमुख सचिव ने कहा कि मध्यप्रदेश शहरी क्षेत्रों में आवास परियोजनाओं के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। यहॉ रिक्त भूमियों का उपयोग वित्तीय स्त्रोत के रूप में किया जा रहा है। इसी प्रकार आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा वर्टिकल डेव्लपमेंट और तलक्षेत्र अनुपात को दृष्टिगत रखते हुए पुनर्विकास कार्ययोजना बनाने का कार्य किया जा रहा है।

देश भर में लोकप्रिय हो चुके इंदौर नगर निगम के बायो एनर्जी प्लांट की विशेषताओं से भी श्री सिंह ने प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रमुख सचिव ने निकायों में कर संबंधी विवादों के निपटारे के लिए नियामक प्राधिकरण के गठन का सुझाव दिया,ताकि समुचित करों का निर्धारण किया जा सके।

सत्र में संयुक्त सचिव श्री पीयूष कुमार, बिहार सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ.एस सिद्धार्थ, उत्तर प्रदेश के नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री अमृत अभिजीत ने भी अपने विचार रखे। कार्यशाला में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रमुख अभियंता श्री दीपक रत्नावत भी मौजूद रहे।

# एडीबी प्रतिनिधि मंडल ने की प्रमुख सचिव से भेंट

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह और आयुक्त श्री निकुंज श्रीवास्तव से एशियन डेवलपमेंट बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर एडीबी के सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री विवेक विशाल, विशेषज्ञ श्री प्रदीप कुमार पाण्डेय व श्री एस. के. कर्मवीर मौजूद रहे। वहीं मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रमुख अभियंता श्री दीपक रत्नावत, मुख्य अभियंता श्री विजय कुमार गुप्ता,परियोजना अधिकारी श्री शैलेन्द्र गुप्ता, हरिवल्लभ फरक्या, सीए श्री प्रशांत कौशल भी उपस्थित रहे। बैठक में परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से प्रदेश के 130 निकायों में जल प्रदाय परियोजनाओं एवं 10 निकायों में सीवरेज परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। गौरतलब है कि अगस्त माह के पहले पखवाड़े में एडीबी मिशन द्वारा परियोजनाओं की भौतिक, वित्तीय, सामुदायिक व सेफगार्ड से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई थी।

# डोर टू डोर सर्वेक्षण पर कार्यशाला का आयोजन



मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा नल और सीवरेज कनेक्शन के लिए उपभोक्ताओं के डाटा संकलन व डोर टू डोर सर्वेक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता जीआईएस विशेषज्ञ श्री गिरीश कुमार झा ने डाटा संकलन की विधियां और उससे जुड़ी ऐप्लीकेशन को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर कम्पनी के उप परियोजना संचालक तकनीकी श्री पी.सी. जैन ने डाटा संकलन और सर्वेक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डाटा संकलन में गुणवत्ता बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में परियोजना अधिकारी श्री पी.एल. बारंगे, श्री एच.वी. फरकाया, सहायक परियोजना अधिकारी श्री संजय पाण्डेय, सामुदायिक विकास अधिकारी श्री गिरीश नायर परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म के टीम लीडर श्री केटीवी स्वामी, तकनीकी विशेषज्ञ श्री संजय गालव, श्री अजय पंडारे, श्रीमती छाया खले सहित सभी संबंधित विशेषज्ञ मौजूद रहे। वर्चुअल माध्यम से समस्त इकाईयों के परियोजना प्रबंधक एवं संविदाकार के प्रतिनिधि जुड़े रहे। कार्यशाला के दूसरे सत्र में परस्पर संवाद आयोजित हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने विषय से जुड़ी जिज्ञासाओं को रखा। विशेषज्ञों द्वारा बिन्दुवार जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

# कार्यकारी निदेशक ने किया परियोजनाओं का निरीक्षण





एशियन डेवलपमेंट बैंक के कार्यकारी निदेशक और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री समीर खरे ने अगस्त मध्य में बनखेड़ी, सोहागपुर, बैतूल बाजार, आमला और सारणी जल प्रदाय परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर श्री खरे के साथ मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के मुख्य अभियंता श्री विजय कुमार गुप्ता, परियोजना प्रबंधक श्री ऋषभ चौधरी, उप परियोजना प्रबंधक श्री राघवेन्द्र सिंह, परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म के तकनीकी विशेषज्ञ श्री संजीव गालव सहित संविदाकार के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित परिषद् को दी गई परियोजना की जानकारी







सोहागपुर में नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों को जल प्रदाय परियोजना की जानकारी से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लता यशवंत पटेल सहित पार्षद मौजूद रहे। एशियन डेवलपमेंट बैंक की विशेषज्ञ श्रीमती दीपा आलहूवालिया, श्री कर्मवीर सहित एमपीयूडीसी के परियोजना प्रबंधक श्री ऋषभ चौधरी, परियोजना अधिकारी श्री पी.एल. बारंगे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दीपक रनवे, सहायक परियोजना अधिकारी श्री राकेश सोनी, एसजीओ श्री राकेश शाण्डिल्य, सीडीओ श्री गिरीश नायर, सहायक परियोजना प्रबंधक श्री राहिल गुप्ता, सोहागपुर के प्रभारी सीडीओ व उप यंत्री श्री शिवेन्द्र मिश्रा, फिल्ड इंजीनियर श्री संतोष अहिरवार मौजूद रहे। परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म की रीता मोहन ने बिन्दुवार परियोजना को समझाया। ओरिऐंटेशन कार्यक्रम उपरांत श्रीमती दीपा आहलूवालिया नगर भ्रमण कर परियोजना के संबंध में आम नागरिकों से चर्चा भी की।

# परियोजना में समुदाय की भूमिका पर कार्यशाला आयोजित



नगरीय विकास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की ग्वालियर इकाई द्वारा जल प्रदाय परियोजनाओं के प्रचालन में समुदाय की भूमिका पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एशियन डेवलपमेंट बैंक की सामुदायिक विशेषज्ञ डॉ. मनीषा तैलंग थी। कार्यक्रम में ग्वालियर इकाई के परियोजना प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव, उप परियोजना प्रबंधक आर. डी. शाक्य, सामुदायिक विकास अधिकारी उमेश कुमार सिंह, सहायक परियोजना प्रबंधक अभिषेक भदौरिया और संविदाकार के प्रतिनिधि एवं परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म के विशेषज्ञ भी मौजूद रहे।



## प्रमुख अभियंता ने किया ध्वाजारोहण

मुख्यालय में प्रमुख अभियंता श्री दीपक रत्नावत द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के उपरांत अनौपचारिक चर्चा में प्रमुख अभियंता महोदय ने सभी अधिकारी और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

स्वच्छता सेवा जन अभियान के अन्तर्गत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यालय के कर्मचारियों और अधिकारियों ने स्वच्छता मित्रों के साथ मिलकर कार्यालय की विशेष साफ सफाई की। अभियान का समन्वय कार्यालय प्रबंधक मुनीश्वर चतुर्वेदी ने किया। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा 21सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा जन अभियान का आयोजन किया गया ,जिसके तहत नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 28 और 29 सितम्बर को कार्यालयों में स्वच्छता अभियान आयोजित किए जाने के निर्देश थे।



# सामुदायिक विकास अधिकारियों के लिए बैठक आयोजित






मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के मुख्यालय में श्री विवेक विशाल, सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर एडीबी और श्री विजय कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता ने सामुदायिक विकास अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि सभी सीडीओ अपने क्षेत्र में जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों को आपस में साझा करें। श्री गुप्ता ने कहा कि जल प्रदाय परियोजनाओं की सार्थकता तभी है जब नगर के प्रत्येक रहवासी को नल कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जाए और इसमें सीडीओ की बहुत बड़ी भूमिका होती है। मुख्य अभियंता ने निर्देश दिए कि सभी सीडीओ सुनिश्चित करें की शिकायत निवारण समिति की बैठक समय पर हो।

एडीबी सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री विवेक विशाल ने सुझाव दिया कि सभी सीडीओ अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रेरकों का चयन करें और माह में एक बार उत्कृष्ट प्रेरक को मुख्यालय स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाए। श्री विशाल ने कहा कि जन जागरूकता के लिए चिन्हित किए गए प्रेरकों का प्रबंधन और क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण सीडीओ का प्रमुख दायित्व है। बैठक में वित्त नियंत्रक श्री अमन पस्तोर, सीए श्री प्रशांत कौशल, सोशल जेण्डर अधिकारी श्री राकेश शाण्डिल्य, सामुदायिक विकास अधिकारी श्री गिरीश नायर, श्री उमेश कुमार सिंह, श्री शैलेष तिवारी, डॉ.बनवारी लाल यादव, सुश्री सोनिका शर्मा व सुश्री सपना दुबे मौजूद रहे।



# त्रिपक्षीय पोर्टफोलियो समीक्षा बैठक आयोजित







नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा विश्व बैंक की सहायता से प्रगतिरत परियोजनाओं की त्रिपक्षीय पोर्टफोलियो समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता वर्चुअल माध्यम से वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री रजत मिश्रा एवं फण्ड बैंक के संचालक श्री हनीश छाबरा ने की। विश्व बैंक के टास्क टीम लीडर श्री रघु केशवन भी वर्चुअली जुड़े रहे। इस अवसर पर विश्व बैंक के प्रतिनिधियों ने एमपीयूडीसी द्वारा क्रियान्वित परियोजनाओं की प्रगति की सराहना की। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह, आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्री भरत यादव, अतिरिक्ति प्रबंध संचालक श्रीमती रूचिका चौहान, प्रमुख अभियंता श्री दीपक रत्नावत, उप परियोजना संचालक तकनीकी श्री पी.सी. जैन, वित्त नियंत्रक श्री अमन पस्तोर, तकनीकी अधिकारी श्री कमलेश भटनागर, सीए श्री प्रशांत कौशल, सहायक परियोजना अधिकारी श्री संजय पाण्डेय मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक के सहयोग से प्रदेश के सात निकायों में सीवरेज परियोजना एवं तीन निकायों में जल प्रदाय परियोजना का कार्य प्रगतिरत है।


सम्पर्क पता -

**मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड**

अमरकंटक भवन, एम.पी. नगर, जोन-1, भोपाल, दूरभाष - 0755-2763060

वेबसाइट - www.mpudc.co.in, ई-मेल - mpusipbpl@gmail.com

MPUDC Bhopal MPUDC Bhopal @MpudcB